स्थापना दिवस | कहा, तुष्टिकरण, वोट बैंक की राजनीति करती है कांग्रेस, मुस्लिम बहनों की जिंदगी बना दी थी नर्क, पीएम ने संवारा

कांग्रेस अंग्रेजों की बनाई संस्था है, कोई विचारधारा नहीं : सीएम

बोले : कार्यकर्ताओं की भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी

जबलपुर। कांग्रेस अंग्रेजों की बनाई संस्था है, उसकी कोई विचारधारा नहीं। आजादी के बाद कांग्रेस नेताओं के व्यक्तिगत हितों की कीमत पूरे देश ने वर्षों तक चुकाई है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से भाजपा आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा के स्थापना दिवस के तहत बुधवार को जबलपुर के मानस भवन में गांव-बस्ती चलो अभियान का शुभारंभ करते हुए कहीं ।

आगे उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा । उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों के साथ इतने पाप किया है कि कांग्रेस पार्टी की दो पीढ़ियां भी माफी मांगें तो भी कम है। भाजपा ने जनसंघ से लेकर आज तक अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। जन उद्देश्यों को लेकर जनसंघ का गठन किया गया था, हम आज भी उसी विचारधारा को लेकर देश और जनता की सेवा कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव के तहत कार्य करते हैं। जबकि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करती है। वर्षों पहले देश के सर्वोच्च न्यायालय से तीन तलाक को लेकर फैसला दिया था, लेकिन कांग्रेस पार्टी की तत्कालीन केंद्र सरकार ने न्यायालय के फैसले के तहत मुस्लिम बहनों को न्याय दिलाने की बजाय तुष्टिकरण करने लगी। तत्कालीन केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ कानून में संशोधन कर मुस्लिम बहनों की जिंदगी नर्क बना दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने तीन तलाक को लेकर सख्त कानून बनाकर देश की लाखों मुस्लिम बहनों की जिंदगी संवारने का कार्य किया है।

कांग्रेस की वजह से जम्मू-कश्मीर में निर्दोषों का खून बहा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस की अपनी स्वयं की कोई विचारधारा नहीं है। देश की आजादी के बाद पंडित मदन मोहन मालवीय जब वाराणसी में काशी हिंदू विश्व विद्यालय की स्थापना करा रहे थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सोमनाथ मंदिर से लेकर अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के मंदिर को लेकर क्या कर रहे थे, देश जानता है। कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं के व्यक्तिगत हितों के कारण केसर की क्यारी वाली धरती जम्मू-कश्मीर में हजारों निर्दोष लोगों का खून बहाया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान का विरोध करते हुए आदोलन किया और जनसंघ की स्थापना की। वर्ष 1952 में जनसंघ की स्थापना से लेकर आज तक भाजपा की विचारधारा में कभी समझौता नहीं किया।

दिनदहाड़े टूटा सूने घर का ताला, जेवर, नकदी चोरी

जबलपुर। सिहोरा थाना अंतर्गत कुर्रे रोड में बुधवार को दिनदहाड़े चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात, नकदी पार कर दी। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब महिला घर में ताला लगाकर डयूटी पर अस्पताल गई हुई थी।

पुलिस के मुताबिक बुधवार शाम श्रीमति स्वर्णलता मिश्रा 38 वर्ष निवासी कुर्रे रोड सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह शासकीय अस्पताल सिहोरा में कार्यरत है। दोपहर 2 बजे ड्यूटी गयी थी। घर पर कोई नहीं था शाम 6-40 बजे पडोस में रहने वाली महिला ने फोन कर बताया कि घर का दरवाजा खुला है तो वह अस्पताल से आकर देखी दरवाजा खुला व सामान बिखरा था। अंदर बैग में रखे सोने के तीन लाकेट, एक नथ, बच्चे के चांदी की बेड़ी, तीन जोडी पायल, नगदी 90 हजार रूपये गायब थे। कोई अज्ञात घर मे घुसकर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गया है।

अव्यवस्थित सुविधाएं : शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

मैत्री नगर में अधूरी नाली से बढ़ी परेशानी, गंदे पानी से घिरे रहवासी

जबलपुर, नवभारत। महाराजपुर मैत्री नगर क्षेत्र में अधूरी नाली निर्माण के चलते स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इलाके में नाली का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन उसे बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे गंदा पानी पास के खाली प्लॉट में जमा हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग से नाली निर्माण पूरा कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हुई। नाली का गंदा पानी लगातार प्लॉट में भर रहा है, जिससे आसपास गंदगी , मच्छरों से डेंगू और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

बारिश के दौरान स्थिति और भी खराब हो जाती है। गंदा पानी सड़क तक आ जाता है, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है और जहरीले जीव - जंतु का खतरा बढ़ जाता है ।

रहवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाली निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है, ताकि इस समस्या से राहत मिल सके और क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे।

इनका कहना है

जल्द नाली निर्माण कार्य पूर्ण करवाया जाएगा जिससे वहां रह रहे लोगों को गंदगी से राहत मिलेगी ।

लक्ष्मण लक्ष्मी गोटिया
पार्षद , शाहिद बिरसा मुंडा वार्ड

संस्कृत संस्थान से संबंधित विद्यालयों के सैकड़ों छात्रों को राहत

अन्य बोर्ड से उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश नहीं देने की नीति के क्रियान्वयन पर रोक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट से महार्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल से संबद्ध प्रदेश के 11 विद्यालयों के सैकड़ों छात्रों को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने इन विद्यालयों में अध्ययनरत 9वीं एवं 11वीं कक्षा के छात्रों जिन्होंने क्रमशः एमपी बोर्ड या सीबीएसई से उत्तीर्ण की है, उन्हें 10वीं एवं 12वीं कक्षा के फॉर्म भरने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने 27 जून 2024 की नई नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी, जिसमें अन्य बोर्डों से उत्तीर्ण छात्रों को संस्कृत बोर्ड के विद्यालयों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई थी।

मां जगदंबा संस्कृत विद्यालय रायसेन सहित अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नरिंदरपाल सिंह रूपराह और अधिवक्ता सुश्री मुस्कान आनंद ने पक्ष रखा। दरअसल, पूर्व में संस्कृत बोर्ड अपने संबद्ध विद्यालयों को यह अनुमति देता था कि वे ऐसे छात्रों को प्रवेश दें जिन्होंने अपनी पिछली कक्षा एमपी बोर्ड भोपाल या सीबीएसई से उत्तीर्ण की हो। अचानक बिना किसी औचित्य के नीति में परिवर्तन कर दिया गया। इस निर्णय से हजारों छात्र प्रभावित हुए और 11 विद्यालयों को इस राहत हेतु उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय ने कहा उक्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को बुधवार से चार दिनों के भीतर फॉर्म भरने की अनुमति दी जाए। आवश्यक सभी दस्तावेजों का सत्यापन प्रतिवादी-संस्था द्वारा अगले चार दिनों के भीतर किया जाएगा। तत्पश्चात छात्र चार दिनों के भीतर परीक्षा शुल्क जमा करेंगे। सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के पश्चातए सरकार उन्हें नियमों के अनुसार प्रवेश पत्र जारी कर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति देगी।

परीक्षा निरस्त करने की मांग, आदेश वापस नहीं लिया तो 18 को भोपाल में उग्र आंदोलन

टीईटी के विरोध में सड़कों पर उतरे हजारों शिक्षक

नवभारत,जबलपुर। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध में जबलपुर में हजारों शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सड़क पर उतरकर अपनी नाराजगी जाहिर की। सिविक सेंटर में एकत्रित हुए शिक्षक मालवीय चौक से करमचंद चौक होते हुए घंटाघर तक रैली निकालते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस आंदोलन में शासकीय शिक्षक संगठन, प्रांतीय शिक्षक संघ, आजाद अध्यापक संघ, राज्य शिक्षक संघ, एनएमओपीएस संघ तथा मध्यप्रदेश अजाक्स संघ सहित कई

संगठनों ने भाग लिया। सभी ने एकजुट होकर टीईटी परीक्षा को निरस्त करने की मांग उठाई। संयुक्त मोर्चा के प्रदेश संयोजक समिति सदस्य जगत पटेल ने कहा कि यदि सरकार ने आदेश वापस नहीं लिया, तो 18 अप्रैल को राजधानी भोपाल में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी।

नियमों और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला

मोर्चा के प्रतिनिधियों उमाशंकर पटेल, राकेश उपाध्याय, अजय रजक, नरेंद्र त्रिपाठी, दीपक पटेल, शिव कुमार चौबे, महेंद्र अहवासी, संध्या अवस्थी, संतोष दारिया, शालिक राम पटेल और देवेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि एनसीटीई की 10 अगस्त 2010 की अधिसूचना के अनुसार पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट है।

कोई शिक्षक परीक्षा में शामिल नहीं होगा

संयुक्त मोर्चा ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में किसी भी शिक्षक को टीईटी परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा और इस आदेश का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। आंदोलन में योगेश चौधरी, विवेक रंजन शुक्ला, विश्वदीप पटेरिया, रत्नेश मिश्रा, मुकेश सिंह, अजय सिंह, दीपक सोनी, धर्मेंद्र कुकरेले, कमलेश पटेल, अजय करें, राजकुमार सिंह, सीमा सिंह, मनीषा सोनी, ज्योत्सना उपाध्याय, श्रुति जैन, भूमिका पटेल, निशा पाठक, रश्मि विश्वकर्मा, गोविंद विसेन और विश्वेवर झारिया सहित हजारों शिक्षक शामिल रहे।

एक नजर में

मुख्य बाजारों में रोजाना घंटों जाम से जूझ रहे नागरिक

नवभारत, जबलपुर। संस्कारधानी की यातायात व्यवस्था दिन-ब-दिन बदहाल होती जा रही है। शहर के प्रमुख और व्यस्त बाजारों में प्रतिदिन वाहन चालकों को घंटों जाम का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आमजन काफी परेशान हैं। उक्त आरोप लगाते हुए कायस्थ महासभा चित्रगुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट द्वारा इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया था। उनका आरोप है कि प्रशासन द्वारा बाजारों में पैदल गश्त और सख्ती के निर्देश भी दिए गए, लेकिन इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों सहेन्द्र श्रीवास्तव, अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, पियूष वर्मा, विनोद श्रीवास्तव, अखिलेश ब्यौहार एवं चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव ने नगर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तत्काल प्रभावी कदम उठाकर यातायात व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

पूर्व में हुई रिपोर्ट को लेकर मुंशी से उलझे बदमाश, मारा चाकू

जबलपुर। हनुमानताल थाना अंतर्गत मोहरिया में पूर्व में हुई रिपोर्ट को लेकर बदमाश मुंशी से उलझ गए और रंगदारी मांगने लगे। मना करने पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है । पुलिस के मुताबिक योगेश श्रेष्ठ 22 वर्ष निवासी पाण्डे अस्पताल के सामने घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह हाईकोर्ट जबलपुर में आलोक बागरेचा के यहां मुंशी का काम करता है। बीती रात लगभग 8-30 बजे अपने दोस्त आसिफ उर्फ गज्जू को अपनी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड जेड 4992 से छोड़ने मोहरिया गया था मरघटाई के पास आसिफउर्फगज्जू बाथरूम करने लगा तभी एक मोटर सायकल में अफजल मंसूरी और शाहरूख उर्फएसआरके आये, दूसरी मोटर सायकल में नदीम अफरीदी आये, विगत 6 माह पूर्व आसिफके साथ अफजल मंसूरी का झगड़ा विवाद हुआ था जिसकी रिपोर्ट आसिफ ने थाना अधारताल में किया था उसकी बात को लेकर विवाद करने लगे। अफजल मंसूरी उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर अफजल मंसूरी ने चाकू से हमलाकर उसे चोट पहुँचा दी। शाहरूख उर्फएसआरके एवं नदीम अफरीदी ने हाथ मुक्कों से मारपीट की सभी जाने से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

सिक्योरिटी गार्ड को बेल्ट से पीटा

जबलपुर। गोरखपुर में बदमाश ने सिक्योरिटी गार्ड की बेल्ट से पिटाई कर दी और धमकाते हुए फरार हो गया । पुलिस के मुताबिक बुधवार शाम राजेश गौड़ 46 वर्ष निवासी घाना खमरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह समदड़िया बिल्डर्स गोरखपुर में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है, दोपहर लगभग 2 बजे डयूटी पर था तभी पटेल मोहल्ला निवासी उमाशंकर पटेल गेट के पास आकर निकलने के लिये उससे गेट खोलने के लिये कहने लगा, उसने कहा कि यह आम रास्ता नहीं है, गेट खोलने के लिये मना करने पर उसके साथ गाली गलौज करते हुये गेट फांद कर आया और हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा चमड़े के बेल्ट से हमलाकर दोनों कान में चोट पहुँचा दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

फायर आर्म्स के साथ दो बदमाश पकड़ाए

दो पिस्टल, तीन कारतूत जब्त

जबलपुर । अधारताल, गोहलपुर पुलिस ने फायर आर्म्स के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से दो पिस्टल, तीन कारतूस जब्त किए गए है। अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे ने बताया कि अधारताल तालाब के शिव मंदिर के पास घेराबंदी कर लकी गोटिया 21 वर्ष निवासी जगदम्बा नगर महाराजपुर को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्टल, दो कारतूस जब्त किए गए । इसी प्रकार गोहलपुर थाना प्रभारी रीतेश पाण्डे ने बताया कि लेमा गार्डन मैदान पर दबिश देकर वारदात करने की फिराक में घूम रहे मोह. कादिर उर्फसोहेल बाबा पिता मोह. सलीम अंसारी 23 वर्ष निवासी अंसारनगर को दबोचा गया । जिसके कब्जे से एक पिस्टल, एक कारतूस बरामद हुआ ।

गेस्ट फैकल्टी को मातृत्व अवकाश के दौरान वेतन से वंचित नहीं किया जा सकता

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में महिला गेस्ट फैकल्टी को मातृत्व अवकाश के दौरान वेतन से वंचित नहीं किया जा सकता। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने मेटरनिटी बेनेफिट एक्ट 1961 के प्रावधानों का हवाला देते हुए याचिकाकर्ता को 26 सप्ताह का सवैतनिक अवकाश देने के निर्देश दिए।

कटनी के शासकीय तिलक पीजी कॉलेज में गेस्ट फैकल्टी के पद पर कार्यरत डॉ. प्रीति साकेत की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, अधिवक्ता हितेंद्र गोल्हानी व काजल विश्वकर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता को पहले 6 महीने का मातृत्व अवकाश वेतन सहित स्वीकृत किया गया था। बाद में 16 जून 2023 को कॉलेज प्रशासन द्वारा आदेश में संशोधन कर यह कहा गया कि अवकाश अवधि में कोई मानदेय नहीं दिया जाएगा। इस संशोधित आदेश को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। दलील दी गई कि मातृत्व लाभ अधिनियम-1961 के तहत प्रत्येक महिला कर्मचारी को मातृत्व अवकाश के दौरान वेतन पाने का अधिकार है। प्रशासन द्वारा आदेश में संशोधन कर मानदेय रोकना कानून के विपरीत है और महिला कर्मचारी के अधिकारों का उल्लंघन है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि याचिकाकर्ता को उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि के कारण प्रताड़ित किया जा रहा है। वहीं राज्य की ओर से कहा गया कि गेस्ट फैकल्टी एक अस्थायी नियुक्ति है और संबंधित शासकीय सर्कुलर के अनुसार उन्हें मानदेय देने का प्रावधान नहीं है, इसलिए पूर्व आदेश में संशोधन किया गया।

युवक को टक्कर मार गिरा बाइक चालक, दो घायल

जबलपुर। गोराबाजार थाना क्षेत्र में पैदल जा रहे युवक को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के दौरान बाइक चालक भी गिर गया । दोनों घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक विनय सिंह निवासी बिलहरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार को उसका भाई बलराज सिंह पैदल पेन्टी नाका से घर बिलहरी जा रहा था। मिल्ट्री डेयरी के सामने मेन रोड पर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 7868 के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये टक्कर मार दिया जिससे उसके पैर में चोट आ गई।

लोन रिजेक्ट होने पर बौखलाया युवक, बैंक में किया हंगामा

जबलपुर। संजीवनी नगर थाना अंतर्गत शाही तालाब के पास स्थित बैंक में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने लोन न मिलने से नाराज होकर बैंक परिसर में जमकर उत्पात मचाया। आरोपी युवक हाथ में बेसबॉल का डंडा लेकर बैंक में घुसा और वहां मौजूद स्टाफ को धमकाते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान उसने कम्प्यूटर भी तोड डाले। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक अमित कुमार सिंह, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक शाही तालाब के पास में रीजनल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं, अजय नामदेव दोपहर करीब 12:30 बजे लोन के सिलसिले में बैंक आया था। बैंक कर्मचारियों ने जब उसे समझाया कि दूसरे बैंक में लोन ड्यू (बकाया) होने के कारण उसका नया लोन फिलहाल पास नहीं हो सकता, तो वह अभद्रता करने लगा। उस समय उसे समझा-बुझाकर वापस भेज दिया गया था। इसके बाद अजय पुनः वापस आया और बाहर से हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद उसने बेसबॉल के डंडे से बैंक का कांच का दरवाजा तोड़ दिया और सीधे अंदर घुस गया। गुस्से में अजय ने सामने रखे दो कंप्यूटरों पर डंडे बरसाकर उन्हें पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

घर का ताला तोड़कर स्कूटी ले उड़ा शातिर चोर

सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुई करतूत

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत पटेल नगर में शातिर चोर ने एक घर का ताला तोड़कर अंदर खड़ी स्कूटी पार कर दी। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

पुलिस के मुताबिक पटेल नगर निवासी राजेन्द्र पटेल, व्हीकल मोड में पान की दुकान चलाते हैं वे रोज की तरह रात करीब 11:30 बजे अपनी स्कूटी एमपी 20 जेड बी 9572 घर के अंदर खड़ी कर, मेन गेट पर ताला लगाकर परिवार सहित सो गए थे। सुबह करीब 6 बजे जब उनकी पत्नी लक्ष्मी जागी, तो उन्हें घर का गेट खुला मिला और स्कूटी गायब थी। शोर मचाने पर जब राजेन्द्र ने बाहर आकर देखा, तो घर के अंदर से उनकी नीले रंग की स्कूटी चोरी हो चुकी थी। चोरी की खबर मिलते ही जब आसपास के कैमरों की जांच की गई, तो सुबह करीब 4:28 बजे एक अज्ञात युवक घर के पास पहुँचा। जिसने चेहरे पर मास्क लगा रखा था। उसने बड़ी चालाकी से घर का ताला तोड़ा, अंदर घुसा और स्कूटी का लॉक तोड़कर उसे लेकर फरार हो गया।

48 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

संजीवनी नगर शराब दुकान हटाने को लेकर प्रदर्शन

नवभारत,जबलपुर। संजीवनी नगर स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर शिवसेना ने बुधवार को उग्र प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। महानगर प्रमुख मुकेश सराठे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में 48 घंटे के भीतर दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की गई। शिवसेना नेताओं ने आरोप लगाया कि संबंधित शराब दुकान स्कूल के 100 मीटर दायरे में संचालित हो रही है, जो नियमों के विरुद्ध है। साथ ही शहर की अन्य शराब दुकानों को भी आबकारी नीति के अनुसार चिन्हित कर स्थानांतरित करने की मांग की गई।



प्रदर्शन के दौरान दुकान के समय और आसपास खुले में शराब परोसने को लेकर सवाल उठाए गए। अधिकारी ने बताया कि दुकान का निर्धारित समय सुबह 8:30 से रात 11:30 बजे तक है। शिवसेना पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि तय समय से पहले दुकान खुली या आसपास खुले में शराब परोसी जाती मिली, तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा। इस मौके पर शैलेंद्र बारी, मुकेश सराठे, शेलू पटेल, गजानंद गुप्ता, सुधीर ताम्रकार, भवानी शंकर सतनामी, लालू साहू, कमलेश रजक, विजय गोटिया, राकेश सोनकर, प्रमोद यादव, राजा साहू, कुलदीप चौधरी, नितिन कुशवाहा, विजय पटेल और अजय पटेल सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक मौजूद रहे। शिवसेना ने स्पष्ट किया कि तय समय सीमा के बाद किसी भी उग्र आंदोलन या अप्रिय स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

दुष्कर्म | शादी का झांसा देकर लूटी आबरू, थाने में हंगामा

रसूखदार कारोबारी पर देर रात दुष्कर्म की एफआईआर

जबलपुर। घमापुर क्षेत्र में एक रसूखदार केक व्यापारी द्वारा शादी का झांसा देकर युवती को अपने जाल में फंसाया और लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया। इस मामले को लेकर मंगलवार रात घमापुर थाने में घंटों हंगामा चला, जहाँ राजनीतिक रसूख के दम पर मामले को दबाने की कोशिश भी की गई। हालांकि देर रात्रि एफआईआर दर्ज कर ली गई।



पुलिस के अनुसार, झामन दास चौक निवासी ललित कुंदवानी की घमापुर में केक की दुकान है। यहाँ काम करने वाली एक 25 वर्षीय तलाकशुदा महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपी ललित ने उसकी मजबूरी और नौकरी का फायदा उठाते हुए उसे अपने झांसे में लिया। पीड़िता ने बताया कि मार्च 2025 में आरोपी ने पहली बार उसके साथ जबरदस्ती की। इसके बाद, आरोपी उसे शादी का लालच देकर लगातार घर, होटल और अन्य स्थानों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब महिला ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो शादीशुदा ललित अपने वादे से मुकर गया और उसे डराने-धमकाने लगा।

मंगलवार रात जब पीड़िता अपनी शिकायत लेकर घमापुर थाने पहुँची, तो वहाँ भारी गहमागहमी की स्थिति बन गई। महिला का गंभीर आरोप है कि एक राजनैतिक पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी ने उसे केस न दर्ज कराने की धमकी दी। खबर फैलते ही बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी थाने पहुँच गए थे और जमकर हंगामा किया। रसूखदारों के हस्तक्षेप के कारण पुलिस पर भी दबाव बनाने की कोशिश की गई।

देर रात तक चली खींचतान के बाद, पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए। घमापुर पुलिस ने आरोपी ललित कुंदवानी के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस अब मामले की विस्तृत जाँच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

ऊर्जा मंत्री के साथ आंदोलन के मांगपत्र पर बैठक आयोजित

जबलपुर, नवभारत। मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ ने 07 अप्रैल को मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के साथ आंदोलन के मांगो में 11 बिंदुओं जिसमें संविदा कर्मियों को नियमित, पूर्व क्षेत्र में अनुकंपा नियुक्ति संविदा कार्यालय सहायकों को नियमित बाय स्त्रोत कर्मियों, सेवानिवृत्ति पेंशनरों एवं सहकारी समिति के कार्मिकों की बिंदु बार समस्याओं एवं विसंगतियों पर चर्चा की गई जिसमें ऊर्जा मंत्री द्वारा तत्काल विशेष कर्तव्य अधिकारी को निर्देशित किया गया की बिजली कर्मचारी महासंघ की शीघ्र बैठक ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव नीरज मंडलोई से 16 अप्रैल के पूर्व करवाई जाए एवं इन सभी बिंदुओं का निराकरण किस प्रकार से हो सकता है इस पर बैठकर दोनों पक्ष सकारात्मक चर्चा कर लेवे। इसके बाद न्याय उचित मांगों पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

इनकी रही उपस्थिति

इस प्रतिनिधि मंडल में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री एवं सह प्रभारी विद्युत क्षेत्र अरविंद मिश्रा, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर, मध्य प्रदेश बिजली क्षेत्र के प्रभारी एवं भारतीय मजदूर संघ के संयुक्त महामंत्री आशीष सिंह मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे, मध्य प्रदेश की पांचो कंपनियों के महामंत्री मणिराज विश्वकर्मा पूर्व क्षेत्र, संदीप त्रिपाठी मध्य क्षेत्र , राजेश जैन ट्रांसमिशन, भगवान स्वरूप श्रीवास्तव पश्चिम क्षेत्र, पंकज पवार उत्पादन के साथ देवेंद्र नेवले सहित अन्य जन मौजूद थे।